**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन भू–अभिलेख अधिकारी बालोतरा**

**पीठासीन अधिकारीः–** अशोक कुमार, आर.ए.एस.

**राजस्व आवेदन संख्या :–** 53/2025

**जी.सी.एम.एस. नम्बर :–** 2025/85

**प्रार्थी** बनाम **विप्रार्थी**

राजस्थान सरकार जरीए
तहसीलदार पचपदरा

वोताराम पुत्र भूदराराम वगैरा
जाति कलबी निवासी बुड़ीवाड़ा
तहसील पचपदरा व जिला बालोतरा

<u>राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 130,131,136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956</u>

<u>उपस्थिति–</u>

1.प्रार्थी की ओर से राज.पैरोकार उपस्थित।

2.विप्रार्थी अनुपस्थित।

**:आदेश:**

दिनांक 28.4.2025

यतः तहसीलदार पचपदरा ने ग्राम बुड़ीवाड़ा पटवार मण्डल जागसा तहसील पचपदरा की खसरा संख्या 1249/190, 187, 189, 188, 182, 810/179 व ग्राम असाड़ा के खसरा संख्या 837 व 832 भूमि में से प्रस्तावित रकबा वर्षो से मौके पर चलायमान रास्तें को भू अभिलेख में सार्वजनिक रास्ता अंकित करने का निवेदन किया गया।

अतः राजस्थान भू अभिलेख नियम 1957 के नियम 58,59,60 एवं 86 के प्रावधानुसार एवं राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 131 व 132 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत एवं राजस्व सरकार की अधिसूचना क्रमांकः राजस्व (गुप्र–6)/विभाग जयपुर के परिपत्र क्रमांक–प.3 (2) राज–6/2003/पार्ट जयपुर दिनांक 10.5.2016 तथा परिपत्र क्रमांकःप.3(17)राज–06/03 पार्ट जयपुर दिनांक 24.12.2014 एवं परिपत्र क्रमांकःप.3(17)राज–6/2021 पार्ट/91 दिनांक 30.9.2021 की अनुपालना में अधोलिखित खसरान के खातेदार की सहमति के आधार पर निम्नानुसार आदेश दिए जाते है कि :–

ग्राम बुड़ीवाड़ा पटवार मण्डल जागसा तहसील पचपदरा की खसरा संख्या 1249/190, 187, 189, 188, 182, 810/179 व ग्राम असाड़ा के खसरा संख्या 837 व 832 के संलग्न नक्शानुसार बरंग में दर्शित रास्ते में काम आ रही भूमि को राजहित में समर्पण करने की सहमति के आधार पर राजस्व (गुप्र–6 )विभाग के परिपत्र क्रमांकःप.3(17)राज–6/2021 पार्ट/91 दिनांक 30.9.2021 के बिन्दु संख्या 4(1) में विहित प्रावधान के अनुसरण में सारणी के ख भाग के कॉलम संख्या (07) में अंकित रकबा की भूमि खातेदारी आराजी में से कम करते हुए सार्वजनिक गैर मुमकिन रास्ता घोषित करते हुए तदनुसार भू–अभिलेख में इन्द्राज एवं तरमीम किए जाने के आदेश प्रदान किए जाते हैः–

**उपखण्ड अधिकारी**
**(S.D.O.) बालोतरा**

| वर्तमान जमाबंदी में दर्ज प्रविष्टि (क) | | | | नवीन रास्ते हुए दर्ज प्रविष्टि (ख) | | | | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| क्र. स. | खाता संख्या | खसरा संख्या | रकबा (हैक्ट.) | किस्म भूमि | खसरा संख्या | रकबा (हैक्ट.) | किस्म भूमि | बरंग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 377 | 1249 / 190 | 1.3921 | बा.सोयम | 1249 / 190 | 0.0613 | गै.मु. रास्ता | |
| 2 | 585 | 187 | 3.0270 | बा.सोयम | 187 | 0.0858 | गै.मु. रास्ता | |
| 3 | 71 | 189 | 10.7727 | बा.सोयम | 189 | 0.4536 | गै.मु. रास्ता | नक्शे में दशितानुसार |
| 4 | 316 | 188 | 7.0172 | बा.सोयम | 188 | 0.0735 | गै.मु. रास्ता | |
| 5 | 106 | 182 | 12.8933 | बा.दो. | 182 | 0.0735 | गै.मु. रास्ता | |
| 6 | 313 | 810 / 179 | 4.7753 | बा.दो. | 810 / 179 | 0.0613 | गै.मु. रास्ता | |
| 7 | 106 | 837 | 4.2816 | बा.सोयम | 837 | 0.1226 | गै.मु. रास्ता | |
| 8 | 107 | 832 | 5.7708 | बा.सोयम | 832 | 0.1226 | गै.मु. रास्ता | |

तहसीलदार पचपदरा को निर्देशित किया जाता है,कि तदनुसार राजस्व रेकर्ड में नियमानुसार अमल दरामद किया जाना सुनिश्चित कर मय रिकॉर्ड की प्रति सहित पालना रिपोर्ट प्रेषित करें। नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

(अशोक कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
बालोतरा

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (S.D.O.) * बालोतरा *

आदेश आज दिनांक 28.4.2025 को लिखा जाकर सर–ए–इजलास सुनाया गया।

28/04/2025
उपखण्ड अधिकारी
बालोतरा